राजस्थान में शक्ति तीन महान है,
सालासर में वीर बलि हनुमान है,
झुंझुनू माही राणी सती माँ राज करे,
श्याम धणी का प्यारा खाटू धाम है,
राजस्थान में शक्ति तीन महान हैं,
सालासर में वीर बलि हनुमान है।।

शीश के दानी का घर घर डंका बजता है,
जाकर देखो सांवरा क्या खूब सजता है,
नैन से बहती मिलेंगी अमृत की धारा,
प्रेमियों से भरा दिखेगा मंदिर का द्वारा,
श्री श्याम कृपा बरसाए हारों को जीत दिलाये
यूँ ही नहीं श्री श्याम जी कलयुग का देव कहाये हैं
कलयुग में हारे का सहारा श्याम है,
श्याम धणी का प्यारा खाटू धाम है,
झुंझुनू माही माँ राणी सती माँ राज करे,
और सालासर में वीर बलि हनुमान है,
राजस्थान में शक्ति तीन महान हैं,
सालासर में वीर बलि हनुमान है।।

है बड़ी सुन्दर यहाँ पे झुंझनू नगरी,
आस लेकर आये भक्तों की बने बिगड़ी,
त्याग कर काया पति संग बैठी सेठानी,
कर सोलह श्रृंगार दादी लगती पटरानी,
है जगत की मात धिराणी महिमा दुनिया ने जानी

जो दर गया वो तर गया कल्याण करे कल्याणी माँ
सबकी जुबां पर दादी जी का नाम है,
झुंझुनू माही दादी जी का धाम है,
राजस्थान में शक्ति तीन महान हैं,
सालासर में वीर बलि हनुमान है।।

हाथ में घोटा बिराजे सीने में श्री राम,
सालासर में मिलेंगे तुमको वीरबलि हनुमान,
चूरमे के भोग को बालाजी स्वीकारे,
भक्तों को बजरंग बलि हर संकट से तारे,
बैठे वहां हनुमान जी काँधे लखन जी राम जी
जय राम की जय जानकी श्री महादेव हनुमान की
शिवम दर पर मिल जाता आराम है,
सालासर में वीर बलि हनुमान है,
राजस्थान में शक्ति तीन महान हैं,
सालासर में वीर बलि हनुमान है।।

राजस्थान में शक्ति तीन महान है,
सालासर में वीर बलि हनुमान है,
झुंझुनू माही राणी सती माँ राज करे,
श्याम धणी का प्यारा खाटू धाम है,
राजस्थान में शक्ति तीन महान हैं,
सालासर में वीर बलि हनुमान है।।

Singer / Upload By Namrata Karwa

ये भी देखें म्हारो श्याम बसे खाटू माहि।

Source: https://www.bharattemples.com/rajasthan-me-shakti-teen-mahan-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw